गुरुवार
16 अप्रैल, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 72 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार

www.apnanalanda.com


जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएँ :-
• सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
• स्मार्ट क्लास
• सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
• कंप्यूटर क्लास

## लोक भवन में सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली



पटना (अपना नालंदा)।राजधानी पटना के लोक भवन में बुधवार को आयोजित भव्य शपथ ग्रहण समारोह में सम्राट चौधरी ने बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। यह समारोह पूर्वाह्न 11 बजे आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित रहे।इस अवसर पर मंत्रियों के रूप में विजय कुमार चौधरी और बिजेंद्र प्रसाद यादव ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। समारोह में राष्ट्रीय और राज्य स्तर के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्रीजे.पी. नड्डा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ' केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी तथा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और भाजपा के संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष भी समारोह में शामिल हुए।समारोह में सांसदगण, विधायकगण, विधान पार्षदगण, विभिन्न दलों के राजनीतिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भी भाग लिया। शपथ ग्रहण के बाद उपस्थित सभी नेताओं और अतिथियों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे बिहार के विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को तेज काम और भ्रष्टाचार खत्म करने के दिए निर्देश



पटना (अपना नालंदा)।नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बुधवार को मुख्य सचिवालय पहुँचे, जहाँ मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्य सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी अधिकारी पूरी निष्ठा और लगन से कार्य कर रहे हैं। मंत्री के रूप में विभिन्न विभागों में कार्य करने के दौरान उन्हें अधिकारियों के साथ काम करने का अनुभव रहा है तथा वित्त मंत्री के रूप में राज्य की वित्तीय व्यवस्था को भी उन्होंने नजदीक से समझा है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राज्य में चल रहे विकास कार्यों की गति और तेज की जाए ताकि जनता की समस्याओं का समाधान शीघ्र हो सके।

उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी दृढ़ता से काम कर रही है। ऊपर से नीचे तक किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन बेहद जरूरी है और फाइलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने की प्रवृत्ति समाप्त होनी चाहिए।

उन्होंने भूमि विवादों के त्वरित समाधान पर विशेष जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों के कारण अधिकांश आपसी विवाद उत्पन्न होते हैं। प्रखंड, अंचल और थाना स्तर पर आम जनता को बेहतर सुविधा और समय पर समाधान मिलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से समन्वय और अनुशासन के साथ काम करते हुए बिहार को विकसित और समृद्ध राज्य बनाने की दिशा में प्रयास तेज करने का आह्वान किया।

## राजभवन ने पहली बार ट्रांसजेंडर समुदाय को शपथ समारोह में दिया न्यौता

पटना (अपना नालंदा)।बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर राजभवन द्वारा पहली बार ट्रांसजेंडर समुदाय को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इसे बिहार के सामाजिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों ने इसे सम्मान और पहचान मिलने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के ट्रांसजेंडर बोर्ड के सदस्य डॉ. राजन सिंह और गया से सुरैया नायक ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि बिहार के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब मुख्यमंत्री या मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में राजभवन की ओर से ट्रांसजेंडर समुदाय को आधिकारिक रूप से निमंत्रण दिया गया है।उन्होंने कहा कि यह पहल समाज में समानता और सम्मान की भावना को मजबूत करती है। उनके अनुसार, यह किन्नर समुदाय के लिए गर्व और खुशी का क्षण है कि उन्हें भी राज्य के महत्वपूर्ण सरकारी कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला।

डॉ. राजन सिंह और सुरैया नायक ने कहा कि इस सम्मान से ट्रांसजेंडर समुदाय का मनोबल बढ़ा है और यह संकेत देता है कि अब समाज के हर वर्ग को सरकारी कार्यक्रमों में भागीदारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि राजभवन द्वारा दिया गया यह निमंत्रण उनके समुदाय के लिए ऐतिहासिक क्षण है और इससे उनके मान-सम्मान में वृद्धि हुई है।

ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी सरकार ऐसे कदम उठाकर समाज के सभी वर्गों को समान अवसर और सम्मान प्रदान करेगी।

## सम्राट चौधरी के शपथ पर पीके का हमला, जनता से धोखा बताया




पटना (अपना नालंदा)।बिहार में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शपथ ग्रहण के बाद जनसुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर (पीके) ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता के जनादेश के अनुरूप नहीं बनी है और इसमें पारदर्शिता की कमी दिखाई देती है।


प्रशांत किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में देशभर से भाजपा के बड़े नेताओं की उपस्थिति नहीं दिखी। उनके अनुसार यह संकेत देता है कि जिस तरह वर्ष 2025 के जनादेश को "पिछले दरवाजे" से लिया गया था, उसी तरह अब सम्राट चौधरी को भी मुख्यमंत्री बनाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव मुख्य रूप से नीतीश कुमार के नाम पर लड़ा गयाथा, इसलिए इस परिवर्तन से कहीं न कहीं जनता के साथ धोखा हुआ है।

पीके ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से एक सवाल भी उठाया। उन्होंने कहा कि अब जब वे बिहार के मुख्यमंत्री बन गए हैं तो उन्हें सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करना चाहिए कि उन्होंने दसवीं की पढ़ाई कब और कहाँ से की। उन्होंने कहा कि मुद्दा पढ़ाई का नहीं है, बल्कि सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता और जवाबदेही का है।

प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि बिहार चाणक्य, आर्यभट्ट, नालंदा और विक्रमशिला जैसी ज्ञान परंपरा की भूमि रही है। ऐसे राज्य में मुख्यमंत्री की शैक्षणिक योग्यता को लेकर सवाल उठना दुर्भाग्यपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि भाजपा जिस "चाल, चरित्र और चेहरा" की राजनीति की बात करती रही है, उसके अनुरूप स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए।

सवेरा हॉस्पिटल एण्ड मैटरनिटी सेन्टर
SAVERA HOSPITAL & MATERNITY CENTRE
पताः- पिलर नं0- 08, गगन दीवान, निकट- देवी स्थान, बिहारशरीफ (नालन्दा) 803101


SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP19200101102525043200
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# रुखाई हॉल्ट फाटक बंद, अंडरपास शुरू होने से किसानों में नाराजगी



चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)।चंडी प्रखंड के रुखाई हॉल्ट स्थित रेलवे गेट नंबर 6 को रेलवे विभाग ने स्थायी रूप से बंद कर वहां अंडरपास को चालू कर दिया है। रेलवे क्रॉसिंग बंद करने की प्रक्रिया के दौरान मौके पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान तैनात रहे और सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरी कार्रवाई संपन्न कराई गई। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह कदम सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है, ताकि अनियंत्रित रेलवे क्रॉसिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

हालांकि रेलवे के इस निर्णय से स्थानीय किसानों और ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बनाए गए अंडरपास की ऊंचाई और चौड़ाई पर्याप्त नहीं है, जिससे ट्रैक्टर-ट्रॉली, हार्वेस्टर और अन्य बड़ी कृषि मशीनों का आवागमन संभव नहीं हो पाएगा। इससे किसानों को खेती-किसानी के कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

किसानों का कहना है कि फसल कटाई और ढुलाई के समय ट्रैक्टर और अन्य बड़े वाहनों की जरूरत होती है। ऐसे में संकरे अंडरपास के कारण खेतों तक पहुंचना



मुश्किल हो जाएगा, जिससे हजारों किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।


ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन तथा रेलवे विभाग से मांग की है कि अंडरपास को पर्याप्त चौड़ा और ऊंचा बनाया जाए ताकि सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से हो सके। साथ ही वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने की भी मांग उठाई गई है। फिलहाल फाटक बंद होने के बाद लोगों को अंडरपास का ही सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन और कृषि कार्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं।




www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान



# अस्थावां में अतिक्रमण हटाने से फुटपाथी दुकानदारों की रोजी-रोटी पर संकट गहराया



रंजीत कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।अस्थावां नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई के बाद सैकड़ों फुटपाथी दुकानदारों की आजीविका पर संकट गहरा गया है। वर्षों से बाजार क्षेत्र में अस्थायी दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले दुकानदारों को अचानक दुकान हटाने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पंचायत के कार्यपालक अभियंता के निर्देश पर अस्थावां बाजार को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान फुटपाथों और सड़कों के किनारे लगी अस्थायी दुकानों को हटाया गया, जिससे कई दुकानदारों की दुकानें उजड़ गईं। अचानक हुई इस कार्रवाई से प्रभावित दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया और उनके परिवार की आर्थिक स्थिति पर असर पड़ने लगा है।दुकानदारों की समस्या को लेकर जदयू किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रिनयन कुमार अस्थावां पहुंचे और प्रभावित दुकानदारों से मुलाकात कर उनकी परेशानियों को सुना। इसके बाद उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय जाकर कार्यपालक पदाधिकारी से मिलने का प्रयास किया, लेकिन उस समय पदाधिकारी कार्यालय में मौजूद नहीं थे।

बाद में त्रिनयन कुमार ने दूरभाष पर कार्यपालक पदाधिकारी से बातचीत कर दुकानदारों की समस्याओं से अवगत कराया और जल्द समाधान की मांग की। इस पर पदाधिकारी ने आश्वासन दिया कि फिलहाल दुकानदार उसी स्थान पर अपना व्यवसाय कर सकते हैं। साथ ही सभी प्रभावित दुकानदारों को अस्थायी रूप से दुकान उपलब्ध कराने की बात भी कही गई है।

प्रशासन के इस आश्वासन से दुकानदारों को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि यह आश्वासन जमीन पर कब तक लागू होता है।

# कतरीसराय में श्रम विभाग की छापेमारी, एक बाल श्रमिक को कराया गया विमुक्त



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में कतरीसराय प्रखंड में बाल श्रम के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अतुल कुमार तिवारी के नेतृत्व में कतरीसराय मोड़ क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जांच अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान कतरीसराय मोड़ स्थित एक प्रतिष्ठान से एक बाल श्रमिक को धावा दल की टीम ने विमुक्त कराया। इसके बाद बाल श्रमिक को आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए बाल कल्याण समिति, बिहारशरीफ (नालंदा) के समक्ष प्रस्तुत किया गया।श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत बाल श्रमिकों को नियोजित करना दंडनीय अपराध है। ऐसे मामलों में संबंधित नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बाल श्रम के खिलाफ यह अभियान नालंदा जिले में लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस विशेष जांच अभियान में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कतरीसराय अतुल कुमार तिवारी के साथ आईडिया संस्था नालंदा के जिला समन्वयक उज्ज्वल कुमार, श्रम विभाग के अश्विनी कुमार तथा प्रयास संस्था से शैलेंद्र प्रसाद सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।


श्रम विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं भी बाल श्रमिक कार्य करते हुए दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत संबंधित विभाग या नजदीकी थाना को दें, ताकि ऐसे बच्चों को श्रम से मुक्त कर उन्हें शिक्षा और सुरक्षित भविष्य प्रदान किया जा सके।












# बिलारी गांव में ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत, सड़क जाम






आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। कतरीसराय थाना क्षेत्र के बिलारी गांव में सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय धनंजय कुमार की मौत हो गई। वह स्वर्गीय कैलाश महतो के पुत्र थे। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने राज्य हाइवे 71 पर बिलारी मोड़ के समीप सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धनंजय कुमार प्रतिदिन की तरह सोमवार सुबह करीब पांच बजे सूर्य मंदिर में दर्शन करने और बगीचे में टहलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान गांव के पास सरस्वती शिशु मंदिर नामक निजी विद्यालय के समीप विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहे अज्ञात बालू लदे ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि धनंजय कुमार परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और दो बेटे हैं।

घटना से नाराज ग्रामीणों ने अवैध बालू परिवहन पर रोक लगाने की मांग को लेकर राज्य हाइवे 71 को जाम कर दिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और पीएसआई मुकुंद भारती मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा-बुझाकर करीब एक घंटे बाद जाम हटवाया। अंचल कार्यालय के पदाधिकारी ने कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत 20 हजार रुपये की सहायता राशि दी तथा आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।












# कोचरा पंचायत में बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा




मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। कोचरा पंचायत में अंबेडकर विचार मंच पंचायत समिति की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, छात्र, युवक और युवतियां शामिल हुईं। सभी ने एक स्वर में बाबा साहब के सपनों को साकार करने और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मदारगंज स्थित बाबा साहब की प्रतिमा स्थल पहुंची, जहां कार्यक्रम सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता भाकपा माले के जिला कमेटी सदस्य कॉमरेड सुख सागर कुमार ने की, जबकि संचालन रौशन कुमार, शिवनाथ कुमार (शिक्षक) और सरयुग चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत गोविंद चौधरी, बरखू चौधरी और अनिल चौधरी ने किया।सभा को संबोधित करते हुए कॉमरेड सुख सागर कुमार ने कहा कि आज देश में सांप्रदायिक ताकतें संविधान को कमजोर करने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग बाबा साहब की प्रतिमाओं को तोड़कर संविधान को खत्म करने और मनुस्मृति लागू करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन बाबा साहब करोड़ों लोगों के दिलों में बसते हैं और उनके विचारों को कभी समाप्त नहीं किया जा सकता।

वहीं आरवाईए के जिला सचिव तथा माले के राजगीर प्रभारी शत्रुध्न कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने सामाजिक भेदभाव और छुआछूत के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त कर समाज के लिए नई दिशा दी। उन्होंने युवाओं से बाबा साहब के आदर्शों पर चलने और शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाने का आह्वान किया।

सभा को माले नेता अशोक कुमार, राजद नेता रंजीत यादव, धुरीलाल यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश यादव, शैलेन्द्र महतो और अरविंद पटेल समेत कई स्थानीय वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।






## संपादकीय

जे पी चौधरी



# नोएडा गुड़गांव में मजदूरी बढ़ाने के लिए श्रमिक सड़क पर

दिल्ली से सटे औद्योगिक शहर नोएडा के औद्योगिक इलाकों में पिछले एक सप्ताह से सुलग रहा मजदूरों का असंतोष सोमवार को उस समय उग्र हो गया, जब फेज-2 औद्योगिक क्षेत्र में हजारों मजदूरों ने एक साथ काम का बहिष्कार कर दिया और फैक्ट्रियों के बाहर धरना शुरू कर दिया। सुबह से ही गेटों पर भीड़ जमा होने लगी और धीरे-धीरे यह विरोध प्रदर्शन कई औद्योगिक इकाइयों में फैल गया। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े और कई इलाकों में यातायात घंटों तक बाधित रहा। आंदोलन की शुरुआत एक-दो फैक्ट्रियों में वेतन वृद्धि की मांग से हुई थी, लेकिन धीरे-धीरे यह मांग पूरे औद्योगिक क्षेत्र में फैल गई। मजदूरों का कहना है कि वे रोजाना 10 से 12 घंटे तक काम करते हैं, लेकिन इसके बदले उन्हें औसतन 12,500 से 13,500 रुपये के बीच वेतन मिलता है। कई श्रमिकों का दावा है कि ओवरटाइम का भुगतान भी तय नियमों के अनुसार नहीं होता, जिससे उनकी आय और कम हो जाती है।

श्रमिकों का कहना था महंगाई का बढ़ता दबाव इस असंतोष का सबसे बड़ा कारण बन गया है। पिछले दो वर्षों में रसोई गैस की कीमत, किराया, बच्चों की स्कूल फीस और रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च तेजी से बढ़ा है। यदि एक औसत मजदूर परिवार का मासिक खर्च 16,000 से 18,000 रुपये तक पहुंच चुका है और आय 13,000 रुपये के आसपास ही है, तो यह अंतर सीधे आर्थिक संकट में बदल जाता है। यही वजह है कि मजदूर अब वेतन वृद्धि को एक विकल्प नहीं, बल्कि मजबूरी मानने लगे हैं।इस पूरे विवाद की सबसे अहम कड़ी पड़ोसी राज्य हरियाणा का वह फैसला है, जिसने न्यूनतम मजदूरी में करीब 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर दी। यह वृद्धि 1 अप्रैल से लागू की गई और 11 अप्रैल से इसका असर स्पष्ट रूप से सामने आने लगा। नए वेतनमान के अनुसार अकुशल श्रमिकों का वेतन 11,274 रुपये से बढ़ाकर 15,220 रुपये कर दिया गया। इसी तरह अर्धकुशल श्रमिकों का वेतन 12,430 रुपये से बढ़ाकर 16,780 रुपये किया गया, जबकि कुशल श्रमिकों का वेतन लगभग 13,704 रुपये से बढ़कर 18,500 रुपये तक पहुंच गया। उच्च कुशल श्रमिकों का वेतन 14,389 रुपये से बढ़ाकर 19,425 रुपये कर दिया गया।

इन आंकड़ों ने नोएडा के औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के बीच एक नई तुलना पैदा कर दी है। उनका कहना है कि जब समान प्रकार का काम करने वाले श्रमिकों को हरियाणा में 15 से 19 हजार रुपये तक वेतन मिल सकता है, तो नोएडा में वही काम करने वालों को 13 हजार रुपये के आसपास क्यों मिल रहा है। यही सवाल अब आंदोलन का सबसे बड़ा आधार बन गया है।यदि अलग-अलग राज्यों के न्यूनतम वेतन की तुलना की जाए, तो यह असमानता और स्पष्ट दिखाई देती है। उत्तर प्रदेश में अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन लगभग 11,313 रुपये के आसपास है, जबकि अर्धकुशल श्रमिकों को करीब 12,120 रुपये और कुशल श्रमिकों को लगभग 13,940 रुपये मिलते हैं। इसके विपरीत दिल्ली में अकुशल श्रमिकों का न्यूनतम वेतन करीब 19,800 रुपये तक पहुंच चुका है। यानी एक ही भौगोलिक क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों के बीच 6,000 से 8,000 रुपये तक का अंतर मौजूद है। यही अंतर अब औद्योगिक तनाव का कारण बन रहा है।

गौरतलब है नोएडा का औद्योगिक ढांचा देश के सबसे बड़े उत्पादन नेटवर्क में शामिल है। यहां हजारों छोटी, मध्यम और बड़ी औद्योगिक इकाइयां संचालित होती हैं। कपड़ा, होजरी, ऑटोमोबाइल पार्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और निर्यात से जुड़े उद्योग यहां बड़ी संख्या में मौजूद हैं। अनुमान है कि केवल फेज-2 क्षेत्र में ही लाखों मजदूर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़े हुए हैं। ऐसे में यदि कामकाज लंबे समय तक ठप रहता है, तो इसका असर न केवल स्थानीय उत्पादन पर पड़ेगा, बल्कि निर्यात ऑर्डर भी प्रभावित होंगे।सोमवार को हालात उस समय और बिगड़ गए, जब कुछ स्थानों पर प्रदर्शन हिंसक हो गया। गुस्साए मजदूरों ने कुछ वाहनों को नुकसान पहुंचाया और कई औद्योगिक मार्गों पर जाम लगा दिया। इससे माल ढुलाई का काम प्रभावित हुआ और कई कंपनियों को उत्पादन रोकना पड़ा। उद्योग जगत के लिए यह स्थिति बेहद चिंताजनक बन गई है, क्योंकि एक दिन का उत्पादन रुकना भी लाखों रुपये के नुकसान में बदल सकता है।

मजदूरों की मांगों की सूची भी अब स्पष्ट रूप से सामने आ चुकी है। उनकी सबसे प्रमुख मांग है कि न्यूनतम वेतन 20,000 रुपये प्रति माह किया जाए। इसके अलावा बैंक खाते में समय पर बोनस भुगतान, ओवरटाइम का दोगुना भुगतान, किसी भी कर्मचारी को बिना कारण नौकरी से न निकालने की गारंटी और साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करने की मांग भी शामिल है। कई श्रमिकों का कहना है कि यदि रविवार को काम कराया जाता है, तो उसका दोगुना भुगतान मिलना चाहिए, जो अक्सर नहीं दिया जाता।इस आंदोलन ने प्रशासन के सामने भी बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। एक ओर कानून-व्यवस्था बनाए रखना जरूरी है, तो दूसरी ओर उद्योगों और मजदूरों के बीच संतुलन कायम करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। श्रम विभाग के अधिकारी लगातार कंपनियों और श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान सामने नहीं आ सका है।




# डीएम अलंकृता पाण्डेय का निर्देश, अवैध शिक्षण संस्थानों पर सख्त कार्रवाई होगी



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने जिले में संचालित गैर-पंजीकृत और बिना मान्यता प्राप्त विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों तथा छात्रावासों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों और धावा दल प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुरूप सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना बताया गया।जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले में बिना मान्यता संचालित शिक्षण संस्थानों की पहचान के लिए विशेष जांच अभियान चलाया जाए। इसके लिए सभी प्रखंडों और नगर निकायों में कुल 11 धावा दलों का गठन किया गया है। इन दलों में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तथा संबंधित थाना अध्यक्षों को शामिल किया गया है।

धावा दल अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर ऐसे संस्थानों का निरीक्षण करेंगे और पंजीकरण, मान्यता सहित अन्य वैधानिक दस्तावेजों की जांच करेंगे। साथ ही भवन सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल और बाल सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया जाएगा।

बैठक में जिला पदाधिकारी ने 29 गैर-पंजीकृत और अवैध रूप से संचालित विद्यालयों के खिलाफ तत्काल विभागीय कार्रवाई करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। साथ ही आम लोगों से भी अपील की गई कि वे अपने क्षेत्र में संचालित गैर-पंजीकृत शिक्षण संस्थानों की सूचना संबंधित धावा दल प्रभारियों को दें।

# जहानाबाद शहर में सूर्य वर्चस स्कूल की दूसरी शाखा का हुआ उद्घाटन






अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे जहानाबाद शहर में सूर्य वर्चस स्कूल की दूसरी शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। शहर के बाल्टी फैक्ट्री मोड़ के पास खोली गई इस नई शाखा का उद्घाटन मंगलवार को वैदिक मंत्रोच्चार और हवन पूजन के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हरेरामाचार्य जी महाराज ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर विद्यालय का शुभारंभ कराया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक मनीष कुमार और आरती शर्मा ने बताया कि जहानाबाद शहर में शिक्षा के प्रति लोगों की बढ़ती जागरूकता को देखते हुए इस नई शाखा की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि शहर को अक्सर "छोटा कोटा" भी कहा जाता है, क्योंकि यहां हर गली-मुहल्ले में विद्यालय और कोचिंग संस्थान मौजूद हैं। हालांकि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने वाले संस्थानों की संख्या सीमित है और इसी उद्देश्य से सूर्य वर्चस स्कूल की स्थापना की गई है।

निदेशक मनीष कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य विद्यालय के माध्यम से केवल आर्थिक लाभ कमाना नहीं, बल्कि बच्चों को बेहतर शिक्षा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य ऐसे विद्यार्थियों को तैयार करना है जो आगे चलकर न केवल स्कूल बल्कि जहानाबाद जिले का भी नाम रोशन करें।

उन्होंने बताया कि सूर्य वर्चस स्कूल की मुख्य शाखा शहर से लगभग पांच किलोमीटर दूर शांत और शैक्षणिक वातावरण में संचालित हो रही है। वहीं नई शाखा में प्ले कक्षा से लेकर दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई की व्यवस्था की गई है।

उद्घाटन समारोह में विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# पूर्णिया के प्रथम कलेक्टर डुकारेल को श्रद्धांजलि

## बिहारशरीफ में विचार गोष्ठी हुआ आयोजित




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ के छोटी पहाड़ी स्थित रामसागर राम जी के आवास पर बने सभागार में शंखनाद साहित्यिक मंडली की ओर से पूर्णिया के प्रथम कलेक्टर जेराड गुस्तावस डुकारेल की 281वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके जीवन, कार्यों और सामाजिक योगदान पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंखनाद साहित्यिक मंडली के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह ने की, जबकि मंच संचालन शंखनाद के मीडिया प्रभारी शायर नवनीत कृष्ण ने किया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह, महासचिव साहित्यकार राकेश बिहारी शर्मा तथा प्रोफेसर डॉ. शकील अहमद अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और डुकारेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए डॉ. लक्ष्मीकांत सिंह ने कहा कि जेराड गुस्तावस डुकारेल केवल एक प्रशासनिक अधिकारी ही नहीं थे, बल्कि एक संवेदनशील समाज सुधारक भी थे। पूर्णिया के प्रथम कलेक्टर के रूप में उन्होंने निष्पक्षता और दृढ़ता के साथ कार्य करते हुए सामाजिक न्याय और विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण पहल की। उन्होंने कहा कि उस समय समाज में व्याप्त असमानताओं और कुरीतियों के बीच डुकारेल ने साहस के साथ न्याय और समानता की आवाज उठाई, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

उन्होंने कहा कि आज के आधुनिक भारत में भी डुकारेल के विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। समाज का वास्तविक विकास तभी संभव है जब हर व्यक्ति को समान अधिकार, सम्मान और सुरक्षा प्राप्त हो, विशेषकर महिलाओं को। उन्होंने सभी लोगों से उनके आदर्शों को अपनाने और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

शंखनाद के महासचिव साहित्यकार राकेश बिहारी शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डुकारेल ने अपने प्रशासनिक कार्यकाल में यह साबित किया कि प्रशासन केवल नियमों का पालन कराने का माध्यम नहीं, बल्कि मानवताकी सेवा का भी मार्ग है। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए। उन्होंने कहा कि ऐसे महान व्यक्तित्वों के विचारों को केवल स्मरण तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि उन्हें व्यवहार और कार्यों में उतारना चाहिए।

वहीं प्रोफेसर डॉ. शकील अहमद अंसारी ने डुकारेल के जीवन से जुड़े कई ऐतिहासिक तथ्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जेराड गुस्तावस डुकारेल के पिता का नाम एड्रियन कोल्टी डुकारेल और माता का नाम एलिज़ाबेथ (हैमिल्टन) कोल्टी डुकारेल था। उनके भाई का नाम जेम्स कोल्टी डुकारेल तथा बहनों के नाम एलिज़ाबेथ जेन सट्टन और मारिया कोल्टी मॉरिस था। उनकी पत्नी एलिज़ाबेथ शर्फ-उन-निशा खानम थीं, जो पूर्णिया की रहने वाली थीं। उनके कुल छह बच्चे थे, जिनमें दो पुत्र और चार पुत्रियां शामिल थीं। चार बच्चों का जन्म कलकत्ता में हुआ था, जबकि दो पुत्रियां जेनी और हेरियट का जन्म इंग्लैंड में हुआ था। उन्होंने बताया कि डुकारेल की मृत्यु 14 दिसंबर 1800 को एक दुर्घटना में हुई थी, जबकि उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को किया गया था।

इस अवसर पर शायर बेनाम गिलानी, सरदार वीर सिंह, सुभाषचंद्र पासवान, राजदेव पासवान, राम प्रकाश सिंह, जाहिद हुसैन, राजहंस कुमार, रामजी प्रसाद, धीरज कुमार, पुनीत हरे, स्नेहा कुमारी, नितेश कुमार, प्रभात कुमार और राजीव कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने डुकारेल के सामाजिक योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।




# पिंकी कुमारी ने अमरौरा में 5.95 लाख की लागत से बने विकास योजना का उद्घाटन किया




चितरंजन कुमार

चंडी (अपना नालंदा)। चंडी प्रखंड के अमरौरा पंचायत अंतर्गत ग्राम अमरौरा में जिला परिषद की ओर से कराए गए विकास कार्य का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस योजना पर कुल 5.95 लाख रुपये की लागत आई है, जिससे गांव के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उद्घाटन समारोह में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य (चंडी पश्चिमी) पिंकी कुमारी ने फीता काटकर कार्य का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पिंकी कुमारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए इस तरह की योजनाएं अत्यंत आवश्यक हैं। सरकार की प्राथमिकता है कि गांवों में सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जाए, ताकि ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से गांवों में रहने वाले लोगों की दैनिक समस्याओं को दूर करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि इस योजना के पूरा होने से अमरौरा गांव के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। आवागमन में सुधार होगा और ग्रामीणों को विभिन्न समस्याओं से राहत मिलेगी। लंबे समय से ग्रामीण इस कार्य की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी हो गई है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे गांव के विकास को नई गति मिलेगी।मौके पर समाजसेवी प्रेम कुमार सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य पुष्पा कुमार, पूर्व पंचायत समिति सदस्य उमेश चौधरी, शशिभूषण कुष्माकर और दीपक कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया।

# रुपसपुर राधाकृष्ण चौक पर सीएनजी ऑटो ट्रक से टकराया, युवती जख्मी



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। एनएच-20 पर हरनौत थाना क्षेत्र के रुपसपुर स्थित राधाकृष्ण चौक के पास बुधवार दोपहर सड़क दुर्घटना में एक युवती समेत ऑटो चालक घायल हो गया। दुर्घटना में सीएनजी ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीएनजी ऑटो चालक एक युवती को लेकर हरनौत की ओर आ रहा था। फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड से गुजरते समय राधाकृष्ण चौक के पूर्वी हिस्से में पहले से एक ट्रक खड़ा था। इसी दौरान पास में एक अन्य वाहन अचानक आ गया, जिससे ऑटो चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ऑटो सीधे खड़े ट्रक से टकरा गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो का फ्रंट इंडिकेटर ग्लास, फ्रंट मडगार्ड, पीवीसी ग्लास,ग्लास फ्रेम, टॉप हुड, यू पाइप, एच पाइप और स्टेयरिंग समेत कई हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस दुर्घटना में ऑटो में बैठी हरनौत थाना क्षेत्र के छोटी मुढ़ारी गांव निवासी श्री चौधरी की 18 वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी घायल हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की गश्ती गाड़ी मौके पर पहुंची। वहां मौजूद पुलिस पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि युवती को अंदरूनी चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे गोनावां रोड स्थित कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया।उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद ऑटो चालक घायल अवस्था में ही मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त सीएनजी ऑटो को जब्त कर थाना परिसर में रखा है। थाना प्रभारी ने कहा कि पीड़ित पक्ष की ओर से आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# राजगीर में आज से सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप, 53 टीमें मैदान में

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ऐतिहासिक पर्यटन नगरी राजगीर एक बार फिर राष्ट्रीय खेल आयोजन का केंद्र बनने जा रही है। राजगीर के अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 16 से 21 अप्रैल तक सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप 2026 का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से कुल 53 टीमें भाग लेंगी, जिनमें महिला वर्ग की 27 तथा पुरुष वर्ग की 26 टीमें शामिल हैं। इस आयोजन के साथ ही राजगीर में खेल प्रेमियों के लिए उत्साह और रोमांच का माहौल बनने लगा है।

यह दूसरी बार है जब राजगीर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। इससे पहले भी यहां बड़े स्तर पर रग्बी प्रतियोगिता का सफल आयोजन हो चुका है, जिससे राजगीर ने राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों के लिए यह आयोजन न केवल प्रतियोगिता बल्कि खेल प्रतिभा को निखारने का एक बड़ा मंच साबित होगा।

उल्लेखनीय है कि अगस्त 2025 में भी राजगीर के इसी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एशिया रग्बी अंडर-20 सेवन्स चैंपियनशिप का सफल आयोजन किया गया था। उस आयोजन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी राजगीर की खेल क्षमता को प्रदर्शित किया था। उसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए अब सीनियर स्तर की इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।यह प्रतियोगिता इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन (रग्बी इंडिया) के तत्वावधान में आयोजित हो रही है। इसमें बिहार सरकार, खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण तथा बिहार रग्बी फुटबॉल संघ का महत्वपूर्ण सहयोग मिल रहा है। आयोजन से राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है और युवाओं को रग्बी जैसे खेलों की ओर प्रेरणा भी मिलेगी।

इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि यह चैंपियनशिप भारतीय रग्बी की प्रतिस्पर्धात्मक भावना को दर्शाने वाला प्रमुख मंच है। राजगीर को लगातार बड़े आयोजनों की मेजबानी मिलना इस बात का प्रमाण है कि यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन कराने की क्षमता विकसित हो चुकी है।

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रण शंकरण ने भी इस आयोजन को राज्य के खेल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष अंडर-20 एशिया रग्बी चैंपियनशिप की सफलता के बाद अब सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन राज्य के लिए गौरव की बात है।

प्रतियोगिता में महिला वर्ग के मुकाबले 16 और 17 अप्रैल को खेले जाएंगे। पिछले वर्ष ओडिशा को हराकर खिताब जीतने वाली बिहार की टीम एक बार फिर मजबूत दावेदारी के साथ मैदान में उतरेगी। वहीं उपविजेता ओडिशा और कांस्य पदक विजेता महाराष्ट्र की टीम भी खिताब जीतने के लिए पूरी ताकत लगाएंगी।

पुरुष वर्ग के मुकाबले 20 और 21 अप्रैल को आयोजित होंगे। पिछले वर्ष हरियाणा को हराकर अपना पहला राष्ट्रीय खिताब जीतने वाली पश्चिम बंगाल की टीम इस बार अपने खिताब की रक्षा के इरादे से उतरेगी। वहीं हरियाणा की टीम भी मजबूत चुनौती पेश करेगी। मेजबान बिहार की टीम घरेलू मैदान और दर्शकों के समर्थन का लाभ उठाकर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित है।

राज्य गौरव, राष्ट्रीय पहचान और खिलाड़ियों के भविष्य के अवसर दांव पर लगे होने के कारण यह चैंपियनशिप चार दिनों तक कड़े मुकाबलों और रोमांचक खेल का गवाह बनेगी। खेल प्रेमियों के लिए यह आयोजन आकर्षण का केंद्र बनने वाला है और राजगीर एक बार फिर देश के खेल जगत में अपनी पहचान मजबूत करेगा।

# बेन में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, भव्य शोभायात्रा में उमड़ी हजारों की भीड़

सुधीर प्रसाद



बेन (अपना नालंदा)। बेन प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अंबेडकर अनुयायियों द्वारा एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवाओं ने भाग लिया। शोभायात्रा प्रखंड मुख्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

शोभायात्रा के दौरान लोगों ने हाथों में बाबा साहेब के चित्र और झंडे लेकर उनके आदर्शों के समर्थन में नारे लगाए। वातावरण "जय भीम" और "बाबा साहेब अमर रहें" के नारों से गूंजता रहा। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने डॉ. अंबेडकर के बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया और समाज में समानता, शिक्षा और भाईचारे का संदेश दिया।

वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने भारतीय समाज को समानता, न्याय और अधिकारों की राह दिखाई। उन्होंने संविधान के माध्यम से देश के हर वर्ग को अधिकार दिलाने का कार्य किया। उनके विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। लोगों से अपील की गई कि बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करें।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सबनहुआ मध्य विद्यालय की प्रवेश उत्सव रैली, नामांकन हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत नगर पंचायत क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सबनहुआ द्वारा अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को प्रवेश उत्सव रैली निकाली गई। प्रधानाध्यापक राजाराम पासवान के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रैली विद्यालय परिसर से शुरू होकर गांव की विभिन्न गलियों से होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई प्रेरणादायक नारे लगाए। छात्र-छात्राएं "सब पढ़ें, सब बढ़ें" और "हर बच्चा स्कूल जाए" जैसे नारों के साथ हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे। वहीं शिक्षिकाओं द्वारा गाए जा रहे जागरूकता गीत "जब पढ़ोगे तभी आगे बढ़ोगे" ने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया।रैली के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का समय पर विद्यालय में नामांकन कराएं, ताकि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है और प्रत्येक बच्चे का स्कूल जाना अत्यंत आवश्यक है।

शिक्षकों ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा बच्चों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला सकते हैं। रैली के माध्यम से समाज में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान किया गया।

इस जागरूकता अभियान से गांव के लोगों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचा और अभिभावकों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया गया।

# अंबेडकर-फुले जयंती पर युवाओं को समानता और शिक्षा का संदेश दिया

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती और ज्योतिबा राव फुले जयंती के अवसर पर महाविद्यालय में बुधवार को संविधान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी पिंकी आर्या, परीक्षा नियंत्रक डॉ. शारदा कुमारी, बर्सर डॉ. मो. करार अहमद, डॉ. कुमार जयप्रकाश तथा डॉ. धीरेंद्र उपाध्याय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. आनंद प्रकाश गुप्ता ने डॉ. भीमराव अंबेडकर और ज्योतिराव फुले के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने छात्राओं से समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय भूमिका से ही देश भ्रष्टाचार मुक्त बन सकता है।एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी पिंकी आर्या ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों से समानता और न्याय के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले और डॉ. अंबेडकर का योगदान पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है और उनकी सोच एक समावेशी तथा न्यायपूर्ण समाज के निर्माण की रही है।परीक्षा नियंत्रक डॉ. शारदा कुमारी ने संविधान में दिए गए अधिकारों और कर्तव्यों के संतुलन पर बल देते हुए कहा कि ज्योतिबा फुले ने वंचितों, शोषितों और महिलाओं की समस्याओं के खिलाफ आवाज उठाई, वहीं बाबा साहेब ने संविधान के माध्यम से उन्हें अधिकार दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया।इस अवसर पर राजकुमार, अनन्या गुप्ता और सुजीत कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा महापुरुषों के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सबनहुआडीह में शतचंडी महायज्ञ कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत नगर पंचायत के सबनहुआडीह स्थित बाबा बख्तौर मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन शुरू हो गया है। महायज्ञ के शुभारंभ को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें आस्था और भक्ति का जनसैलाब उमड़ पड़ा। कलश यात्रा में 351 महिला श्रद्धालुओं ने गंगा जल भरकर जलबोझी की और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया।

कलश यात्रा का आयोजन श्रीरामजन्मभूमि अयोध्या धाम से पधारे यज्ञाधीश त्यागी बाबा की अध्यक्षता में किया गया। वहीं बनारस से आए यज्ञाचार्य आशुतोष मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरे कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरनौत नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुरेश सिंह तथा राजद प्रखंड नेता संजीत कुमार उर्फ राय जी उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के सदस्य अवधेश भगत, कुमोद भगत, साको भगत और अशोक कुमार ने बताया कि घोड़े और डीजे बाजे के साथ 351 कन्याओं से सुसज्जित कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर रांची रोड होते हुए सुरक्षित वाहनों से बख्तियारपुर के गंगा तट स्थित ग्यासपुर घाट पहुंची, जहां विधिवत पूजन कर जल भरी की गई। इसके बाद कलश यात्रा डिहरगीगढ़ स्थित नई पेट्रोल पंप तक पहुंची। वहां से महिला और कन्या श्रद्धालु सिर पर कलश लेकर रांची रोड, सीधा मुख्य बाजार, चंडी मोड़, गोगीपर मुहल्ला और बीच बाजार होते हुए पुनः सबनहुआडीह स्थित यज्ञशाला परिसर पहुंचीं।

कलश यात्रा के दौरान चिलचिलाती धूप के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। नंगे पांव चल रही महिलाओं और श्रद्धालुओं की आस्था ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान जय माता दी, हर हर महादेव, जय श्रीराम, जय बाबा बख्तौर और जय हनुमान के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं के लिए आयोजन समिति की ओर से शर्बत की व्यवस्था भी की गई थी।



समिति के सदस्यों ने बताया कि 15 से 23 अप्रैल तक चलने वाले इस महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन संध्या सात बजे से उत्तर प्रदेश से पधारे कथावाचक आचार्य राम प्रवेश महाराज द्वारा भागवत कथा और राम कथा का वाचन किया जाएगा। प्रवचन के बाद आरती और महाप्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। इसके अलावा वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन किया जाएगा। महायज्ञ के अंतिम दिन 23 अप्रैल को संतों और अतिथियों की विदाई की जाएगी। इसके बाद 25 अप्रैल को जागरण तथा 26 अप्रैल को वार्षिक बाबा बख्तौर पूजा का आयोजन होगा, जिसमें नालंदा, पटना, नवादा और शेखपुरा सहित कई जिलों से लगभग 25 से 30 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

महायज्ञ को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। बुधवार को बिहारशरीफ एसडीएम किसलय श्रीवास्तव और बिहारशरीफ सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने यज्ञ परिसर का निरीक्षण कर आयोजन समिति से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था के लिए हरनौत थाना पुलिस द्वारा पुलिस बल की तैनाती की गई है।

कलश यात्रा के दौरान बनारस से आए कौशल्या नंदन, दीपक उर्फ डमरू बाबा और मौनी बाबा भी मौजूद रहे। वहीं स्थानीय ग्रामीणों में महेंद्र यादव, राणा यादव, राजमनी सिंह यादव, चंद्रेश्वर यादव, जामुन यादव, प्रमोद कुमार, राजपति देवी, गिरिजा देवी, सूर्यकांति कुमारी, पिंकी देवी, मौला कुमारी और मीना देवी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्ति का वातावरण बना हुआ है।



# हरनौत पुलिस ने पिकअप से छह गायें बरामद की, चालक गिरफ्तार

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत थाना पुलिस ने गो तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वैन से छह गायों को बरामद किया है। इस दौरान वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना सोमवार की बताई जा रही है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रुपसपुर मोड़ के पास कुछ लोगों ने एक पिकअप वाहन और उसके चालक को पकड़ रखा है। वाहन पर मवेशी लदे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन की जांच की। तलाशी के दौरान पिकअप वैन में छह दूध देने वाली गायें अमानवीय तरीके से ठूंस-ठूंस कर लदी हुई पाई गईं। सभी पशुओं को काफी कष्टदायक ढंग से बांधा गया था।

पशुओं की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तुरंत उन्हें सुरक्षित बाहर निकलवाया और पिकअप वैन को जब्त कर लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान अफजल कुरैशी (20 वर्ष), पिता हबीब कुरैशी, निवासी रजा नगर हड्डी गोदाम, थाना भदौनी, जिला नवादा के रूप में की गई है। पूछताछ के दौरान चालक पशुओं या वाहन से संबंधित कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर थाना लाया गया।पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि गो तस्करी और पशुओं के साथ क्रूरता करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।पुलिस इस मामले से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने में जुटी है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था मजबूत होने की उम्मीद जताई है।

# बेन महादलित टोला में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा जिले के बेन प्रखंड के महादलित टोला में 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेन के पूर्व प्रमुख धनंजय कुमार थे। उन्होंने केक काटकर बाबा साहेब की जयंती का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने अपने पूरे जीवन में समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। भारतीय संविधान के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है और उनके विचार आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक बने हुए हैं।

उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय का संदेश दिया था। उनके बताए रास्ते पर चलकर ही समाज में समरसता और विकास संभव है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि सभी को बाबा साहेब के



आदर्शों को अपनाकर समाज में जागरूकता फैलाने का काम करना चाहिए।

इस कार्यक्रम में सतेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, अशोक रविदास, सेंटर रविदास सहित कई गणमान्य लोग और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और समाज में शिक्षा तथा समानता के महत्व पर बल दिया।

# थरथरी पुलिस ने शराब मामले में दो फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया

थरथरी (अपना नालंदा)। थरथरी थाना क्षेत्र की पुलिस ने शराब मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी पिछले तीन महीनों से पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे। पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर उन्हें उनके घर से दबोच लिया और न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि शराब से संबंधित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसमें दरोगा सुरेंद्र मरांडी और दिलीप कुमार को शामिल किया गया था।

पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चंडी थाना क्षेत्र के चंडी डीह निवासी अवधेश यादव के पुत्र राजू यादव उर्फ कुटुमा तथा थरथरी थाना क्षेत्र के अतबलचक निवासी रघुवर यादव के पुत्र टुनटुन यादव को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी शराब तस्करी से जुड़े मामले में नामजद थे और लंबे समय से फरार चल रहे थे।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को उनके घर से ही गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद उन्हें थाने लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद दोनों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया।

# गौरी कुंड के पास अनाधिकृत कमरे के निर्माण से बढ़ी चिंता

## मलमास मेले में व्यवस्था बिगड़ने की आशंका



बिहारशरीफ ।(अपना नालंदा)। प्रसिद्ध सूर्य कुंड क्षेत्र स्थित गौरी कुंड के समीप एक अनाधिकृत कमरे के निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों और तीर्थयात्रियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि इस कमरे के बनने से कुंड में स्नान करने आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आने वाले मलमास मेला के दौरान यहां भारी भीड़ जुटती है, ऐसे में स्थिति और गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार सूर्य कुंड क्षेत्र का गौरी कुंड आकार में सबसे छोटा कुंड है। इसका प्रवेश और निकास मार्ग पहले से ही काफी संकरा है। ऐसे में कुंड के समीप बनाए गए इस कमरे से रास्ता और अधिक बाधित हो गया है। श्रद्धालुओं को स्नान के लिए जाने और लौटने में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि भीड़ के समय यहां भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने का खतरा भी बढ़ सकता है। मलमास मेला के पूर्व ठेकेदार एवं वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, युवा राजद के प्रदेश सचिव गोलू यादव सहित कई स्थानीय लोगों का दावा है कि आजादी के बाद सूर्य कुंड क्षेत्र में यह पहला स्थायी कमरा बनाया गया है। बताया जाता है कि इस कमरे का उपयोग विश्राम के लिए किया जा रहा है। साथ ही इसमें बिजली का उपयोग भी हो रहा है, जबकि न तो बिजली का वैध कनेक्शन है और न ही मीटर लगा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि तीर्थस्थल की व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा बनी रह सके तथा मलमास मेले के दौरान भीड़ नियंत्रण में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# सीबीएसई 10वीं में केंद्रीय विद्यालय की छात्रा अवंतिका ने लहराया परचम, 96.4 प्रतिशत अंक किया हासिल

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।

बुधवार को घोषित सीबीएसई कक्षा 10वीं के परिणाम में स्थानीय बाजार स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सडिमका परिसर की छात्रा अवंतिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह अंक सत्र 2025-26 में विद्यालय का सर्वाधिक स्कोर भी रहा।इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य सीबी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रा अवंतिका ने मेहनत और लगन के बल पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।टॉपर छात्रा अवंतिका के पिता अमित कुमार भारतीय रेलवे में गेटमैन (बख्तियारपुर) के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता पुष्पांजलि कुमारी गृहिणी हैं। छात्रा की सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों एवं परिजनों ने उसे बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# नालंदा मंडल ने 3.5 लाख खाते खोलकर बिहार में पहला स्थान प्राप्त किया



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूरे बिहार में सर्वाधिक 3.5 लाख खाते खोलकर पहला स्थान प्राप्त किया है। इस सफलता के उपलक्ष्य में नालंदा मंडल में उत्साह का माहौल रहा और केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया गया।

डाक निदेशक सेवाएँ, बिहार सर्किल पवन कुमार के मार्गदर्शन में मंडल निरीक्षण के दौरान यह उपलब्धि सामने आई। इस मौके पर डाक निदेशक ने नालंदा मंडल के उत्कृष्ट कार्य, टीम भावना और समर्पण की सराहना करते हुए सभी अधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि डाक विभाग के कर्मचारियों की मेहनत और सेवा भावना का परिणाम है।

इस अवसर पर नालंदा के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने कहा कि यह सफलता दिन-रात की मेहनत और टीमवर्क का परिणाम है। उन्होंने कहा कि सभी कर्मियों के सहयोग और समर्पण से ही नालंदा मंडल यह उपलब्धि हासिल कर सका है। उन्होंने इस कार्य में योगदान देने वाले सभी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में सर्किल कार्यालय के डाक निरीक्षक सहित नालंदा मंडल के डाक निरीक्षक (पूर्वी) रंजीत कुमार रजक, डाक निरीक्षक (उत्तरी) विकास राय, डाक निरीक्षक (पश्चिमी) इन्द्रेश विक्रांत, परिवाद निरीक्षक अभिषेक कुमार, पोस्टमास्टर बिहारशरीफ मनीष कुमार आनंद, डिप्टी पोस्टमास्टर अमलेश कुमार, मिथलेश कुमार और संजय कुमार सहित नालंदा मंडल के सभी डाक कर्मी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया।

# नालंदा में घरेलू गैस पर्याप्त, शादी समारोह हेतु वाणिज्यिक गैस कि व्यवस्था

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि नालंदा जिले में एलपीजी घरेलू गैस सिलिंडर की पर्याप्त उपलब्धता है और खपत के अनुरूप इसकी निर्बाध आपूर्ति जारी है। तेल विपणन कंपनी के जिला नोडल पदाधिकारी से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में किसी प्रकार की कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में कुल 54 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को बुकिंग के आधार पर प्रतिदिन औसतन 9005 घरेलू एलपीजी सिलिंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभागीय नियमों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों के बाद तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिनों के बाद गैस रिफिलिंग के लिए आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करते हुए जिले का बैकलॉग, जो वर्तमान में 4.0 है, उसे घटाकर 2 से 3 के बीच लाया जाए।उन्होंने यह भी बताया कि खरमास समाप्त होने के बाद विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमोंमें वृद्धि को देखते हुए वाणिज्यिक गैस सिलिंडर की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। यदि किसी व्यक्ति के घर में वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित होना है, तो संबंधित व्यक्ति को शादी के कार्ड के साथ अपने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देना होगा। आवेदन में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा कि कार्यक्रम में कितने लोगों के शामिल होने की संभावना है तथा उन्हें कितने वाणिज्यिक गैस सिलिंडर की आवश्यकता है। उपलब्ध कराए गए वाणिज्यिक सिलिंडर का उपयोग केवल वैवाहिक कार्यक्रम में ही किया जाएगा।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि जिले के बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र, राजगीर और सिलाव में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। बिहारशरीफ के छह वार्ड, सिलाव के छह वार्ड तथा राजगीर के 17 वार्डों में पाइपलाइन पूरी तरह बिछाई जा चुकी है और लोगों को आवेदन के आधार पर पीएनजी कनेक्शन दिया जा रहा है। अब तक जिले में 1541 लोगों को पीएनजी कनेक्शन प्रदान किया जा चुका है तथा प्रतिदिन औसतन 10 नए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने संबंधित क्षेत्रों के लोगों से पीएनजी कनेक्शन लेने की अपील की, ताकि उन्हें बड़े शहरों जैसी सुविधा मिल सके और एलपीजी पर निर्भरता कम हो।

साथ ही एलपीजी से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम (टोल फ्री नंबर-06112-233168) संचालित किया जा रहा है। उपभोक्ता इस नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला पदाधिकारी ने आम लोगों से अपील की कि यदि कहीं एलपीजी सिलिंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग होता दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम में दें। ऐसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति या संस्थान के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# Kalope HOMES

All-in-One Home Solution

## Luxury Interior with RealPlast UPVC

Waterproof | Termite Proof | Fire Retardant | Zero Maintenance

Material Partner: REAL PLAST

RealPlast UPVC is a next-generation interior material that combines strength, safety, and luxury design.



### Modular Kitchen

✓ Cabinets, shutters, drawers




### TV Unit & Wall Panels

✓ Modern design, storage



### Wardrobes & Closets

✓ Sliding, swing, loft, drawers



### Bathroom Vanities

✓ Waterproof & hygienic

+91 74887 06578 www.kalopehomes.com Patna, Bihar